प्रत्येक लोक प्राधिकारी के कार्यकरण में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से संबर्धन के लिए, लोक प्राधिकारियों के नियत्रणाधीन सूचना तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों के सूचना के अधिकार की व्यावहारिक शासन पद्धति स्थापित करने, एक केन्द्रीय सूचना आयोग तथा राज्य सूचना आय्रग का गठन करने और उनसे संबंधित या उनसे अनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम

भारत के संविधान के लोकतंत्रात्मक गणराज्य की स्थापनी की है ;

और लोकतंत्र शिक्षित नागरिक वर्ग तथा ऐसी सूचना की पारदर्शिता की अपेक्षा करता है, जो उसके कार्यकरण तथा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भी और संस्कारों तथा उनके परिकरणों को शासन के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए अनिवार्य है ;

और वास्तविक व्यवहार में सूचना के प्रकटन से संभवतः अन्य लोक हितों, जिनके अंतर्गत सरकारों के पक्ष प्रचालन, समिति राज्य वित्तीय संसाधनों के अधिकतम उपयाग और संवेदनशील सचूना की गोपनीयता को बनाए रखना भी है, के साथ विरोध हो सकता है ;

और लोकतंत्रात्मक आदर्श की प्रभुता को बनाए रखते हुए इन विरोधी हितों के बीच सामंजस्य बनाना आवयक है ;

अतः, अब यह समीचीन है कि ऐसे नागरिाकों को, कतिपय सूचना देने के लिए जो उसे पाने के इच्छुक हैं, उपबंध किया जाए ;

भारत गणराज्य के छप्पनवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

अध्याय 1
प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ।

1(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 है।

(2) इसका विस्तार जम्मू–कश्मीर राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) धारा 4 की उपधारा (1), धारा 5 की उपधारा (1) और उपधारा (2), धारा 12, धारा 13, धारा 15, धारा 16, धारा 24, धारा 27 और धारा 28 के उपबंध तुरंत प्रभावी होंगे और इस अधिनियम के शेष उपबंध इसके अधिनियमन के एक सौ बीसवें दिन का प्रवृत्त होंगे।

2. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः–

(क) 'समुचित सरकार' से किसी ऐसे लोक प्राधिकरण के संबंध में जो–

(i) केन्द्रीय सरकार का संघ राज्यक्षेत्र द्वारा स्थापित, गठित, उसके स्वामित्वाधीन, नियंत्राणाधीन या उसके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा पूर्णतया वित्तपोषित किया जाता है, केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है ;

(ii) राज्य सरकार द्वारा स्थापित, गठित उसके स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन या उसके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा पूर्णतया वित्तपोषित किया जाता है, राज्य सरकार अभिप्रेत, है ;

(ख) 'केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी' से उपधारा (1) के अधीन पदाभिहित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत धारा 5 की उपधारा

(ग) 'केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी' से उपधारा (1) के अधीन पदाभिहित केंन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत धारा 5 की उपधारा (2) के अधीन इस प्रकार पदाभिहित कोई केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी भी है है ;

(घ) 'मुख्य सूचना आयुक्त' और 'सूचना आयुक्त' से धारा 12 की उपधारा (3) के अधीन नियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त अभिप्रत है है ;

(ड.) 'सक्षम प्राधिकारी' से अभिप्रेत है–

(i) लोक सभा या किसी राज्य की विधान सभी की या किसी ऐसे संघ राज्यक्षेत्र की, जिसमें ऐसी सभा है, दशा में अध्यक्ष और राज्य सभा या किसी राज्य की विधान परिषद् की दशा में सभापति है ;

(ii) उच्चतम न्यायालय की दशा में भारत का मुख्य न्यायमूर्ति है ;

(iii) किसी उच्च न्यायालय की दशा में उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति है ;

(iv) संविधान द्वारा या उसके अधीन स्थापित या गठित अन्य प्राधिकरणों की दशा में, यथास्थिति, राष्ट्रपति या राज्यपाल है ;

(v) संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन नियुक्त प्रशासक है ;

(च) 'सूचना' से किसी इलैक्ट्रानिक रूप में धारित अभिलेख, दस्तावेज, ज्ञापन, ई–मेल, मत, सलाह, प्रेस विज्ञप्ति, परिपत्र, आदेश, लागबुक, संविदा, रिपोर्ट, कागजपत्र, नमूने, माडल, आंकड़ों संबंधी सामग्री और किसी प्राइवेट निकाय से संबंधित ऐसी सूचना सहित, जिस तक तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन किसी लोक प्राधिकारी की पहुंच हो सकती है, किसी रूप में कोई सामग्री, अभिप्रेत है ;

(छ) 'विहित' से, यथास्थिति, समुचित सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

(ज) 'लोक प्राधिकारी से–

(क) संविधान द्वारा या उसके अधीन ;

(ख) संसद द्वारा बनाई गई किसी अन्य विधि द्वारा ;

(ग) राज्य विधान–मंडल द्वाा बनाई गई किसी अन्य विधि द्वारा ;

(घ) समुचित सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना या किए गए आदेश द्वारा, स्थापित या गठित कोई प्राधिकारी या निकाय या स्पायत्त सराकरी संस्था अभिप्रेत है.

और इसके अन्तर्गतः–

(i) कोई ऐसा निकाय है जो केन्द्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन, नियंत्रणधीन या उसके द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा वित्तपोषित है ;

(ii) कोई ऐसा गैर–सरकारी संगठन है जो समुचित सरकार, द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराई गई निधियों द्वारा वित्तपोषित है।

(झ) 'अभिलेख' में निम्नलिखित सम्मिलित है–

(क) कोई दस्तावेज, पाण्डुलिपि और फाइल ;

(ख) किसी दस्तावेज की कोई माइक्रोफिल्क, माइक्रोफिशे और प्रतिकृति प्रति ;

(ग) ऐसी माइक्रोफिल्म में सन्निविष्ट प्रतिबिम्ब या प्रतिबिम्बों का पुनरूत्पादन (चाहे वर्धित रूप में हो या न हो) ; और

(घ) किसी कम्प्यूटर द्वारा या किसी अन्य युक्ति द्वारा उत्पादित कोई अन्य सामग्री;

(त्र) 'सूचना का अधिकार' से इस अधिनियम के अधीन पहुंच योग्य सूचना का, जो किसी लोक प्राधिकारी द्वारा या उसे नियंत्रणाधीन धाति है, अधिकार अभिप्रेत है और जिसमें निम्नलिखित का अधिकार सम्मिलित है–

(i) कृति, दस्तावेजों, अभिलेखों का निरिक्षण ;

(ii) दस्तावेजों या अभिलेखों के टिप्पण, उद्धरण या प्रमाणित प्रतिलिपि लेना

(iii) सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना ;

(iv) डिस्केट, फ्लापी, टेप, वीडियो कैसेट के रूप में या किसी अन्य इलैकट्रानिक रीति में या प्रिंटआऊट के माध्यम से सूचना को, जहां ऐसी सूचना किसी कम्प्यूटर या किसी अन्य युक्ति में भण्डारित है, अभिप्राप्त करना ;

(ट) 'राज्य सूचना आयोग' से अधारा 15 की उपधारा (1) के अधीन गठित राज्य सूचना आयोग

अभिप्रेत है ;

(ठ) 'राज्य मुख्य सूचना आयुक्त' और 'राज्य सूचना आयुक्त' से धारा 15 की उपधारा (3) के अधीन नियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त अभिप्रेत है ;

(ड) 'राज्य लोक सूचना अधिकारी' से उपधारा (1) के अधीन पदाभिहित राज्य लोक सूचना अधिकारी है और इसके अंतर्गत धारा 5 की उपधारा (2) के अधीन उस रूप में पदाभिहित राज्य सहायक अधिकारी भी है ;

(ढ) 'पर व्यक्ति' से सूचना के लिए अनुरोध करने वाले नागरिक को भिन्न कोई व्यक्ति अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत कोई लोक प्राधिकारी भी है।

अध्याय 2

सूचना का अधिकार और लोक प्राधिकारियों की बाध्यताएं

पहली अनुसूची

(धारा 13 (3) ओर धारा 16 (3) देखिए)

मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त, राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयुक्त द्वारा ली जाने वाली शपथा या किए जाने वाले प्रतिज्ञान का प्ररूप

'मैं, जो ———————————————————————— मुख्य सूचना आयुक्त/सूचना आयुक्त/राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त हुआ हूं, ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि
सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं

द्वारा स्थापित भारत के संविधन के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा, मैं भारत की प्रभुता ओर अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा तथा मैं सम्यक प्रकार से और श्रद्धापूर्वक तथा अपनी पूरी योग्यता, ज्ञान और विवे से अपने पद के कर्तव्यों का भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना पालन करूंगा तथा मैं संविधान और विधियों की मर्यादा बनाए रखूंगा।'

दूसरी अनुसूची
(धारा 24 देखिए)

केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित आसूचना और सुरक्षा संगठन

1. आसूचना ब्यरो।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय के अनुसंधान और विश्लेषण खंड।
3. राजस्व आसूचना निदेशालय।
4. केन्द्रीय आर्थिक आसूचना ब्यरो।
5. प्रवर्तन निदेशालय
6. स्वापक नियंत्रण ब्यूरो।
7. वैमानिक अनुसंधान केन्द्र।
8. विशेष सीमान्त बल।
9. सीमा सुरक्षा बल।
10. केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल

11. भातर–तिब्बत सीमा बल।

12. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

13. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड।

14. असम राइफल्स

15. विशेष सेवा ब्यूरो।

16. विशेष शाखा (सीआईडी), अंडमान और निकोबार।

17. अपराध शाखा–सीआईडी–सीबी, दादरा और नागर हवेली।

18. विशेष शाखा, लक्षद्वीप पुलिस।

–ह0–,
सचिव, भारत सरकार।

Annexure –LIII
संख्या 146/सु0/XXXI(3)G-/2006

प्रेषक,

एम0 रामचन्द्रन,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सामान्य प्रशासन अनुभाग **दिनांकः 22 मार्च 2006**

विषयः सूचना के अनुरोधों पर समुचित कार्यवाही हेतु प्रक्रिया सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

सूचना का अधिकार अधिनियम 12 अक्टूबर 2005 से प्रभावी हो गया हैं शासन स्तर पर इसके क्रियान्वयन के लिए व्यापक तेयारियां पहले ही की जा चुकी है। विभागों व अन्य लोक प्राधिकारणों में अधिनियम के प्राविधानें के अनुसार लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी और विभागीय अपील अधिकारीयों का नामांकन हो चुका है। सभी स्तरों पर अधिकारयों का अधिनियम के प्राविधानों की जानकारी देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गयी है। इसके अतिरिक्त अधिकारयों की सुविधा के लिए शासन सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 मार्गदर्शिका का भी प्रकाशन किया गया है जिसकी प्रतियां सभी विभागों को प्रेषित कर दी गयी है।

इन तैयारियों को दृष्अिगत रखते हुए लोग प्राधिकारियों द्वारा सूचना के अनुरोधों का निस्तारण सुगमता से किये जाने की अपेक्षा की गयी है, लेकिन प्रारम्भिक अनुभवों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने में कुछ कठिनाईयां आ रही है जिनका मुख्य कारण प्रक्रिया की अस्पष्टता व विभाग एवे लोक प्राधिकारी स्तर पर इस सम्बन्ध में समुचित व्यवस्था का नहीं होना माना जा रहा है। इसलिए यह आवश्यक समझा गया कि सूचना के अनुरोधो पर व्यवस्थित, तत्काल व सुगम कार्यवाही करने की कार्यविधि सम्बन्धी निर्देश जारी किये जाएं जिससे इस सम्बन्ध में किसी भी तरह की अनिश्चितता न बनी रहे और सूचना के अधिकार अधिनियम के प्राविधानों के अनुरूप निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित कर प्रक्रिया से सम्बन्धी अस्पष्टता दूर हो सके। इस संदर्भ में कृपया अपने अधीन लोक प्राधिकारी इकाइयों एवं लोक सूचना अधिकारियों व सहायक लोक सूचना अधिकारियों के स्तर पर निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. सूचना के अनुरोधकर्ता के लिए सुविधा कक्ष की स्थापनाः–

अधिकांश शंकायें सूचना के इच्छुक व्यक्तियों से वार्ता कर दूर की जा सकती है। सम्भव है कि बातचीत के बाद सूचना के औपचारिक अनुरोध की आवश्यकता ही न पड़े। इसके लिए प्रत्येक कार्यालय में जहां भी लोक सूचना अधिकारी या सहायक लोक सूचना अधिकारी नामांकित है, सूचना के अनुरोधकर्ताओं की सुविधा के लिए सूचना का अधिकार नाम का एक पृथक मार्गदर्शक या सुविधा कक्ष (Facilitation Counter) की स्थापना की जानी आवश्यक हैं जिन कार्यालयों में स्वागम कक्ष पहले से ही स्थापित हैं उनमें इन्हीं स्वागम कक्षों में सूचना का अधिकार सम्बन्धी जानकारी देने की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए स्वागम कक्ष के एक हिस्से में चाहते हैं? तद्नुसार सूचना के अनुरोध का आवेदन तैयार करवा कर वांछित सूचना या अनभिज्ञता के

कारण कोई भी व्यक्ति अनावश्यक सूचनाओं के लिये अनुरोध कर सके। स्वागम कक्ष के अतिरिक्त, पुस्तकालय, वाचनालय, प्रतीक्षा कक्ष या कार्यालय में उपलब्ध कामन स्पेस (Common Space) को भी सुविधा कक्ष के रूप में विकसित किया जा सकता है। इनमें विभागीय सूचनाओं से संबंधित 17 मैनवलस, विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन, कार्यपूर्ति दिग्दर्शिका व आम जनता के उपयोग की अन्य सूचनायें भी रखी जा सकती हैं।

2. अनुरोधपत्रों के पंजीकरण का प्रारूपः–

सूचना के अनुरोधों का विधिवत् पंजीकरण किया जाना आवश्यक हैं इसके आधार पर ही सूचना के अधिकार सम्बन्धी कार्य कलापों की प्रगति रिपोर्ट लोक प्राधिकारी, प्रशासकीय विभाग एवं राज्य स्तर पर तैयार की जा सकेगी। इसके लिए प्रदेश क सभी विभागों एवं लोक प्राधिकरणों में सूचना के अनुरोधों के पंजीकरण की समान व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता हैं इस उद्देश्य से अनुरोधों के पंजीकरण के लिए तीन प्रारूप संलग्न किये जा रहे हैं (संलग्नक 1,2,3) प्रथम प्रारूप सहायक लोक सूचना अधिकारी स्तर पर पंजीकरण के लिए दूसरा प्रारूप लोक सूचना पंजीकरण के लिए विहित है। सभी विभागाध्यक्षों व लोक प्राधिकारियों को चाहिए कि सूचना के अनुरोधों के पंजीकरण के लिए विभाग/लोक प्राधिकरण स्तर पर विहित प्रारूपों के अनुसार 'सूचना का अनुरोध पंजीकरण पंजिका' की व्यवस्था के अनुरूप राज्य सूचना आयोग को प्रगति विवरणप भेजा जा सके।

प्रविष्टि के बाद प्रत्येक सप्ताह/सुविधानुसार उस धनराशि को विभागीय राजस्व लेखाशीर्षक के अधीन राजकोष में जमा करेंगे।

3. अनुरोधपत्रों के पंजीकरण की व्यवस्थाः

प्रारम्भिक अनुभवों से यह भी ज्ञात हुआ है कि कुछ कार्यालयों में लोक सूचना अधिकारी की अनुपस्थिति में सूचना के अनुरोधों को प्राप्त करने के लिए कोई अधिकारी या कर्मचारी उपलब्ध नहीं होता है या उपस्थित व्यक्ति अनुरोध पत्र लेने से मना कर देता है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सूचना का अधिकार सुविधा कक्ष में हर समय कोई न कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी सूचना के अनुरोधों को प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहें। अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार सूचना का अनुरोध पत्र सहायक लोक, सूचना अधिकारी अथवा लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जाना हैं। तथापि जहां पर कार्यालयाध्यक्ष या वरिष्ठ अधिकारी लोक सूचना अधिकारी नामित है, वहां वे अपनी सहायता के लिए किसी दूसरे अधिकारी/कर्मचारी या स्वागत अधिकारी को सूचना के अनुरोध पत्र को प्राप्त करने व उसे पंजीकरण की जिम्मेदारी दे सकते हैं यह सुनिश्चित करना लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी का दायित्व होगा कि उनकी अनुपस्थित में भी सूचना के अनुरोध पत्रों को प्राप्त व पंजीकृत किया जाए। इस दिशा मे समुचित व्यवस्था करने लोक सूचना अधिकारी अपने स्तर पर ही ऐसी शिकायतों को दूर कर दें ताकि किसी को भी सूचना के अनुरोध पत्रों के प्राप्त न किये जाने की शिकायत किसी अन्य स्तर पर करने की आवश्यकता ना पड़े तथा सुगमता से आवेदन पत्र आगन्तुकों द्वारा जमा कराये जा सकें।

4.सूचना शुल्क लेखांकन की प्रक्रियाः

सूचन के अनुरोध पत्रों के साथ 10/–रू0 आवेदन शुल्क प्राप्त किया जाना है। गरीबी रेखा के नीचे के अनुरोधकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं दिया जाना हैं मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देशों के अनुसार आवेदन शुल्क नकद, बैक ड्राफ्ट या बैकर्स चैक के माध्यम से ही दिया जा सकता है इस विषय पर वित्त विभाग द्वारा कार्यालय ज्ञाप सं0 1/XXVII(7)2005 दिनांक 14 अक्टूबर 2005 द्वारा शुल्क प्राप्त करने और उसके लेखांकन की विसृति प्रक्रिया सुझाई गयी हैं फिर भी इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया गया है कि सूचना के अनुरोधकर्ता द्वारा नकद अथवा विभाग/लोक प्राधिकरण के लेखा अधिकारी के नाम का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक प्रस्तुत कर शुल्क दिया जा सकता है। शुल्क प्राप्त होने पर लोक सूचना अधिकारी द्वारा ट्रेजरी फार्म 385 अपने जनपद की ट्रेजरी से उक्त प्रपत्र की रसीद बुक प्राप्त कर ले। और विभागीय आहरण वितरण अधिकारी की ओर से शुल्क प्राप्ति रसीद निर्गत करें।

यही प्रक्रिया अतिरिक्त शुल्क को प्राप्त करने के लिए अपनाई जायेगी। शुल्क से प्राप्त धनराशि लोक सूचना अधिकारी या सहायक लोक सूचना अधिकारी विभागीय आहरण वितरक अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे जो कि विभाग की रोकड़ बही (Cash Book) में इस अधिनियम के अंतर्गत शुल्क जमा करने की प्रक्रिया को और सरलीकृत किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

5. सूचना के अनुरोधों पर कार्यवाहीः

सूचना का अनुरोध प्राप्त होने के बाद मार्गदर्शिका में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार उस पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित कर यथा स्थिति 30,35 या 45 दिनों के अन्दर अनुरोधकर्ता को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी जानी हैं। इस प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में सम्भावित पत्राचार को समरूप बनाने के लिए निम्नलिखित प्रपत्र निर्धारित कर संलग्न किये जा रहे हैं।

संलग्नक 4: सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना के अनुरोध के अग्रषण का प्रपत्र

संलग्नक 5: सूचना के अनुरोधों का पावति प्रपत्र का

संलग्नक 6: अतिरिक्त शुल्क के लिए सूचना का प्रपत्र

संलग्नक 7: तीसरे पक्षधर को सूचना का प्रपत्र

संलग्नक 8: सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तान्तरण के लिए प्रपत्र

संलग्नक 9: अनुरोध को अस्वीकार करने की सूचना का प्रपत्र

संलग्नक 10: अनुरोधकर्ता को सूचना प्रेष्ज्ञित करने सम्बन्धी प्रपत्र

यथा सम्भव पत्राचार लोक सचूना में इन प्रपत्रों का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में लोक सूचना अधिकारी यदि आवश्यक समझे तो विभाग के वरिष्ठ अधिकारियें से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। यह प्रयास किया जाय कि किसी भी स्थिति में सूचना के अधिकर/अधिनियम के अन्तर्गत अनुरोधकर्ताओं को सूचना उपलब्ध कराने में काई गतिरोध उत्पन्न न हो। सभी विभागाध्यक्षों/लोक प्राधिकारियों से अपेक्षा की जाती है ि कवे सूचना के लिए आवेदन पत्र प्राप्त रने व सूचना देने व उसे पंजीकरण आदि की उपरोक्त प्रक्रिया को यदि आवश्यक हुआ तो, विभागयी विशिष्टताओ /व्यवहारिकता के अनुरूप संशोधित कर उपयोग करेंगे, जिसमें सूचना देने की प्रक्रिया में कोई भ्रम विभागीय अधिकारियों में न रहे साथ ही अनुरोधकर्ताओं को भी निश्चित प्रक्रिया व प्रारूप का ज्ञान होने में कम से कम कठिनाई हो।

भवदीय

–ह0–
मुख्य सचिव

संख्या 146(1)स0/XXXI(13)G-/2006-तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषितः

1. मण्डलयुक्त, गढ़वाल/कूमांयू, उत्तराखण्ड।
2. समस्त अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/लोक प्राधिकारी, उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. स्टाफ आफिसर–मुख्य सचिव।
6. निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. राज्य समन्वयक सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

–ह0–
प्रमुख सचिव।

संलग्नक 1

सहायक लोक सूचना अधिकारी के स्तर पर सूचना के अनुरोधों के पंजीकरण का प्रस्तावित प्रारूप

क्र0 सं0	अनुरोध प्राप्ति तिथि	अनुरोधकर्ता का नाम	पत्राचार का पूर्ण पता	दूरभाष संख्या (यदि हो)	मांगी गई सूचना का विवरण	संबंधित विभाग/ अनुभाग का नाम	आवेदन शुल्क का भुगतान (रू0)	लोक सूचना अधिकारी को आग्रेषण की तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8	9

संलग्नक 2

लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना के अनुरोधों के पंजीकरण का प्रस्तावित प्रारूप

क्र0 सं0	अनुरोध पत्र प्राप्ति की तिथि	अनुरोधकर्ता का नाम	पत्राचार का पता	दूरभाष संख्या (यदि हो)	मांगी गई सूचना का विवरण	आवेदन शुल्क (रू0)	अतिरिक्त शुल्क
1	2	3	4	5	6	7	8

कुल शुल्क रू0	अनुरोध अस्वीकार करने पर उसका कारण	अतिरिक्त शुल्क की सूचना की तिथि	अतिरिक्त शुल्क प्राप्ति की तिथि	तीसरे पक्ष को सूचित करने की तिथि (यदि आवश्यक समझा जाए)	तीसरे पक्ष से उत्तर प्राप्ति की तिथि	अनुरोध पर अंतिम आदेश	आदेश निर्गत करने की तिथि
9	10	11	12	13	14	15	16

संलग्नक 3

विभागीय स्तर पर अपील के अनुरोधों के पंजीकरण का प्रस्तावित प्रारूप

क्र0 सं0	अपील के लिए अनुरोध पत्र प्राप्ति तिथि	विभाग / अनुभाग का नाम	अपील से सम्बन्धित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण	ले0सू0ओ0 के आदेश का संक्षिप्त विवरण	अपील स्वीकृत / अस्वीकृत	विभागीय अपील अधिकारी के आदेश की तिथि	अपीलकर्ता को आदेश पत्र निर्गत करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8

सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना के अनुरोध को अग्रेषित करने का प्रपत्र

कार्यायल का नाम व पता

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

प्रेषकः

.....

.....

.....

सेवा में
लोक सूचना अधिकारी

.....

.....

अनुरोधकर्ता का नाम .....

पत्राचार का पता .....

वर्गः बी0पी0एल0 / ए0पी0एल0 .....

अनुरोध प्राप्ति की तिथि .....

अग्रेषण की तिथि .....

मांगी गयी सूचना का विषय .....

.....

सम्बन्धित विभाग / अनुभाग का नामः .....

सूचना शुल्क की मात्रा रू0 .....

अन्य विवरण (यदि कोई हो) .....

संलग्नक : अनुरोध पत्र की मूल प्रति

सहायक लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुहर

संलग्नक 5

अतिरिक्त शुल्क के लिए सूचना का प्रपत्र

कार्यालय का नाम व पता

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

विषयः अतिरिक्त शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में

श्री/श्रीमती .....
.....
.....

कृपया अपने दिनांकः ..... के सूचना के अनुरोध पत्र का संदर्भ ग्रहण करें। आपके द्वारा मांगी गई सूचना सामग्री कसे एकत्रित करने और इच्छित रूप में उपलब्ध करने पर सरकार द्वारा निम्नलिखित निर्धारित दरों के आधार पर रू0 ..... अतिरिक्त शुल्क देय होता है।

अतिरिक्त शुल्क का विवरण

क0 सं0	समग्री का व्यय की मद	दर	कुल धनराशि

अतः उक्त धनराशि को यथाशीघ्र बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक जो विभा के लेखा/वित्त अधिकारी के नाम बना हो प्रेषित करें/अथवा कार्यालय में नकद जमा करें/करवा दें।

मांगी गई सूचना को उपलब्ध करने सम्बन्धी कार्यवाही, उक्त अतिरिक्त शुल्क जमा करने के बाद ही प्रारम्भ होगी। इस पत्र की तिथि से अतिरिक्त शुल्क प्राप्त होने की तिथि तक का समय सूचना उपलब्ध कराने के लिए निर्धारिक 30 दिनों में नहीं गिना जायेगा।

हस्ताक्षर
-Sd-

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुहर

संलग्नक 6

तीसरे पक्षकार की सूचना के लिए प्रपत्र
कार्यालय का नाम व पता

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

.....

.....

.....

संलग्न श्री/श्रीमती ..... से प्राप्त सूचना के अनुरोध पत्र की एक प्रति आपको इस आशय से भेजी जा रही है कि इस विषय में यदि आपको कुछ कहना हो तो आप अपना पक्ष इस पत्र की तिथि के 10 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को लिखकर या स्वंय कार्यालय में उपस्थित होकर मौखिक रूप में प्रस्तुत करें।

यदि आपकी ओर से इस पत्र के विषय में 10 दिन के अन्दर हमें कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो यह मान लिया जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नही कहना है।

संलग्न : अनुरोध पत्र की प्रतिलिपि

भवदीय

-Sd-

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुहर

संलग्नक 7

सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तान्तकरण के लिए प्रपत्र

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

लोक सूचना अधिकारी

.....

.....

.....

संलग्न सूचना का अनुरोध पत्र आपको इस आशय से प्रेषित है कि इसमें मांगी गई सूचना आपके विभाग/अपक्रम से सम्बन्धित हैं कृपया अनुरोधकर्ता को वांछित सूचना अपने स्तर से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः सूचना का अनुरोधपत्र मूल रूप मे।

भवदीय

-Sd-

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुहर

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
श्री/श्रीमती .....
.....

-Sd-

लोक सूचना अधिकारी

संलग्नक 8
कार्यालय का नाम व पता

सूचना का अनुरोध प्राप्ति पत्र

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

श्री/श्रीमती.....
निवासी .....
.....

से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 के अन्तर्गत सूचना का अनुरोध पत्र रू0 .....आवेदन शुल्क के साथ प्राप्त किया।

अनुरोधकर्ता गरीबी रेखा से निम्न आय वर्ग का है अतः आवेदन शुल्क देय नही है।

संलग्नक : शुल्क रसीद,

-Sd-
लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय मुहर

संलग्नक 9
अनुरोध को अस्वीकार करने की सूचना प्रपत्र

कार्यालय का नाम व पता

पत्रावली संख्याः ..... **दिनांकः.....**

.....
.....
.....

कृपया अपने दिनांक ..... के सूचना के अनुरोध पत्र का संदर्भ ग्रहण करें। आपके अनरोध को निम्नलिखित कारणों से अस्वीकृत किया गया है।

(1).....
(2).....
(3).....

इस आदेश के विरूद्ध यदि आप चाहें तो विभाग के उच्च अधिकारी व अपील अधिकारी, जिनका पता नीचे दिया गया है, से इस पत्र की प्राप्ति की तिथि के 30 दिनांक के अन्दर–अन्दर अपनी अपील कर सकते हैं।

अपील अधिकारी का पता

.....
.....
.....

भवदीय

-Sd-

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय की मुहर

संलग्नक 10
अनुरोधकर्ता को सूचना देने सम्बन्धी प्रपत्र

कार्यालय का नाम व पता

पत्रावली संख्या ..... **दिनांक.....**

श्री / श्रीमती.....
.....
.....

कृपया अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित अपने सूचना के अनुरोध संख्या .....दिनांक .... का संदर्भ ग्रहण करें।

2. आपके द्वारा मांगी गई सूचना का विवरण संलग्न है।
3. निम्नलिखित आंशिक सूचनायें संलग्न की जा रही है।
   (1)
   (2)
   (3)

4. इस आदेश के अन्तर्गत दी गई जानकारी से यदि असंतुष्ट हो तो, आदेश प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर विभाग के अपील अधिकारी जिनका पता निम्नवत है, अपील दाय कर सकते हैं।

अपील अधिकारी का पता
.....
.....
.....
.....

संलग्नकः उपर्युक्त के अनुसार सूचना का विवरण।

भवदीय

-Sd-

लोक सूचना अधिकारी
कार्यालय की मुहर

Annexure –XVII

उत्तराखण्ड शासन
सूचना अनुभाग
संख्या : 266/ XVII/2005-9(31)
सचिवालय, देहरादून
दिनांक : 13 अक्टूबर, 2006

अधिसूचना।

राज्यपाल, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (अधिनियम संख्या 22/2005) की धारा 27 की उपधारा–(2) के खण्ड ख तथा ग के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुये निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थातः

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ :

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम सूचना का अधिकार (फीस एवं लागत का विनियमन नियम, 2005) है।
2. ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।
3. परिभाषायेंः– इन नियमों में जब तक की संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों
   (क) 'अधिनियम' से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अभिप्रेत है।
   (ख) धारा से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है,
   (ग) उन शब्दों और पदो के जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में परिभाषित है, वहीं अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं।
4. अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सूचना मांगे जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ लोक प्राधिकारी के वित्त/लेखाअधिकारी के नाम देय रू. दस की फीस उचित रसीद के प्रति नकद या डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

5. धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन सूचना दिये जाने हेतु लोक प्राधिकारी के वित्त/लेखाअधिकारी के नाम देय निम्न दरों के अनुरूप फीस उचि रसीद के प्रति नकद या डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के माध्यम से भुगतान किया जाना होगा।

   (क) ए–3 या ए–4 आकार के पृष्ठ (छाया प्रति या तैयार सूचना) हेतु रू. दो प्रति पृष्ठ और इससे बड़े आकार के पृष्ठ हेतु वास्तविक लागतः
   (ख) अभिलेखों के निरीक्षण हेतु प्रथम घण्टा हेतु कोई फीस देय नहीं होगी, उसके उपरान्त प्रत्येक पन्द्रह मिनट (अथवा उसके भाग) हेतु रू. पांच की फीस का भुगतान किया जाना होगा।
   (ग) प्रदेशों एवं नमूनों की वास्तविक लागत का भुगतान किया जाना होगा।

   अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (5) के अधीन सूचना कदये जाने हेतु लोक प्राधिकरी के वित्त लेखाधिकारी के नाम देय निम्न दरों के अनुरूप फीस रसीद की प्रति नकद या डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के माध्यम से भुगतान किया जाना होगा।

   (क) डिस्केट अथवा फ्लॉपी पर सूचना दिये जाने हेतु रू0 50 प्रति फ्लॉपी/डिस्केट और
   (ख) किसी मुद्रित प्रकाश की दशा में उसका निर्धारित मूल्य या ऐसे प्रकाशन से उद्धरणों की फोटो प्रति के प्रति पृष्ठ के लिये दो रूपये

–ह0–
सचिव

उत्तराखण्ड शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
संख्या : 165/24/ XXXI(13)G-2(2)/2006
देहरादूनः दिनांकः 31 मार्च, 2006

अधिसूचना

राज्यपाल, सूचना का अधिकार अधिनियम, 205 (2005 का 22) की धारा 27 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) तथा (ग) के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके शासन की अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2005 को निम्नवत् संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्

विद्यमान प्राविधान	संशोधित प्राविधान
प्रस्तर–3 अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सूचना मांगे जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ लोक प्राधिकारी के वित्त/लेखाअधिकारी के नाम देय रू. 10.00 की फीस, उचित रसीद के प्रति नकद या डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।	अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन सूचना मांगे जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ लोक प्राधिकारी के अधीन चिन्हित लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी या लोक प्राधिकारी के वित्त/लेखा अधिकारी के नाम देय रू0 10.00 (रू0 दस मात्र) की फीस उचित रसीद के प्रति नगद, डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, भारतीय पोस्टल ऑर्डर, ट्रेजरी चालन या नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

–ह0–
प्रमुख सचिव।

पृष्ठांकन संख्या : 16500/24/ XXXI(13)G-2(2)/2006 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड ।
2. सचिव, विधानसभा, विधान भवन, देहरादून।
3. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
4. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, सहारनपुर रोड़, देहरादून, उत्तरांचल।
5. रजिस्ट्रार, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।

Annexure –XVIII

महत्वपूर्ण/तत्काल

उत्तराखण्ड सूचना आयोग
सैक्टर–1, सी–10 डिफेंस कालोनी, देहरादून

संख्याः 65/उ.सू.आ./मु.सू.आ./2005 **दिनांक : 06 दिसम्बर, 2005**

प्रेषक,

मुख्य सूचना आयुक्त
उत्तरांचल सूचना आयोग

सेवा में,

मानक सूची–1 के अनुसार

विषयः उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से विधान सभा को प्रस्तुत की जान वाली वार्षिक रिपोर्ट–लोक प्राधिकारियों के द्वारा सूचना के स्वैच्छिक रूप से प्रकट करने के उपबंध की प्रगति तथा विभागीय जानकारी का स्वतः (Suo-Motto) प्रकटीकरण।

प्रिय महोदय/महोदया,

उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25 (1), जो इस अधिनियम की निगरानी तथा रिपोर्ट के आंकड़ों से संबंधित है, के ऊपर राज्य सरकार के समस्त विभागों द्वारा, लोक प्राधिकारी के रूप में आयोग की वार्षिक रिपोर्ट के लिये माह की प्रगति रिपोर्ट, उक्त पत्र में निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार, को अगले माह की 10 तारीख तक आयोग को प्रेषित करने के लिये अनुरोध किया गया है, का कृपया संदर्भ करें. आशा है कि लोक प्राधिकरी के रूप में प्रत्येक विभाग द्वारा अपने द्वारा तैनात सभी लोक सूचना अधिकारियें से इस संबंध्य में आवश्यक सूचना प्राप्त की जा रही होगी. आयोग द्वाराइ इनकी विभागवार तथा लोक सूचना अधिकारीवार विवरण को माहवार प्रगति के रूप में संकलित कर उसका अपनी वार्षिक रिपोर्ट में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है.

2. आपका ध्यान सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 25 (5) तथा धारा 4 की ओर आकर्षित करना है जिसमें सभी लोक प्राधिकारियों द्वारा सूचना को स्वैच्छिक रूप से प्रकट **(Pro-Active Disclosure)** करने का प्राविधान है, अधिनियम की धारा 1 (3) के अनुसार प्रत्येक लोक प्राधिकारी को अधिनियम की धारा 4 (1) के अंतर्गत कुछ अभिलेखों को अधिनियम के बजट नोटिफिकेशन के 120 दिन के अन्दर अर्थात 12210/2005 तक पूर्ण कर लेना अपेक्षित था, जिससे इस अधिनियम के अंतर्गत सूचना का अधिकार जन–सामान्य को आसानी से सुलभ हो सके.

3. राज्य सरकार का प्रत्येक विभाग तथा निदेशालय लोक प्राधिकारियों के रूप में कार्यरत हैं तथा प्रत्येक विभाग से अपेक्षित है कि वह विभाग के आकार तथा कार्यों की प्रगति के अनुसार लोक प्राधिकारी इकाईयों को स्वंय चिन्हित करेगा.

4. **उत्तराखण्ड** सूचना आयेाग के द्वारा यह सूचना एकत्रित की जा रही है कि प्रत्येक विभाग के अंतर्गत लोक प्राधिकारियों द्वारा इस अधिनियम की धारा 4 (1) के अन्तर्गत निर्धारित अभिलेखों को तैयार कर लिया है अथवा नही हौर यदि तैयार कर लिया है तो वह किस रूप में सुरक्षित रखे गये हैं और यदि

उनका कम्प्यूटरीकरण कर लिया गया है तब उन्हें राज्य की या विभागीय बैबसाईट में सम्मिलित किया गया है अथवा नहीं? कृपया अवगत कराने का कष्ट करें कि आपके विभाग से संबंधित लोक प्राधिकारियों द्वारा सूचना के स्वैच्छिक रूप से प्रकट करने के उत्तरदायित्व के सापेक्ष निम्न अभिलेखों में से कितने अभिलेखों को विभागीय स्तर पर यह सूचना प्रेषण करने की तिथि तक पूर्ण कर लिया गया है तथा कितने अभिलेखों को पूर्ण किया जाना अवशेष है तथा इन अपूर्ण अभिलेखों को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

5. विभाग के द्वारा जिन अभिलेखों के संबंध में सूचना, जैसा अधिनियम की धारा 4 (1)(ख) में दयिा गया है, आयोग को प्रेषित की जानी है वे निम्नलिखित हैं:

(i) संगठन की विशिष्टियां, कृत्य और कर्तव्य
(ii) अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्य
(iii) लोक प्राधिकारी अथवा उसके कर्मियों द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन के लिये धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश, निर्देशिका और अभिलेख की सूचना
(iv) नीति बनाने या उसे कार्यान्वयन के सम्बन्ध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिये या उनके प्रतिनिधित्व के लिये विद्यमान व्यवस्था के सम्बन्ध में सूचना
(v) दस्तावेजों, जो लोक प्राधिकारी द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन हैं, श्रेणियों (Categories) के अनुसार विवरण
(vi) बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों का विवरण. साथ ही विवरण कि क्या उन बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों की बैठकं जनता के लिये खुली होंगी या बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुंच होगी.
(vii) लोक सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम और अन्य विशिष्टियां
(viii) निर्णय करने की प्रक्रिया (पर्यवेक्षण एवं उत्तरदायित्व के स्तर सहित).
(ix) अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका.
(x) अपने प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारश्रमिक और उसके निर्धारण की पद्धति.
(xi) प्रत्येक अभिकरण (Agency) को आबंटित बजट (सभी योजनाओं, व्यय प्रस्तावों तथा धन विरण की सूचना सहित).
(xii) अनुदान/राज सहायता कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की रीति, जिसमें आबंटित राशि और ऐसे कार्यक्रमों के लाभार्थियों के ब्यौरे सम्मिलित है.
(xiii) रयायतों, अनुज्ञा पत्रों तथा प्राधिकारों के प्राप्तिकर्ताओं के सम्बन्ध में विवरण.
(xiv) कृत्यों के निर्वहन के लिये स्थापित मानक/नियम.
(xv) किसी इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे.
(xvi) सूचना प्राप्त करने के लिये नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण. किसी पुस्तकालय या वाचनालय की यदि लोक उपयोग के लिये व्यवस्था की गई हो, तो उसका भी विवरण.
(xvii) ऐसी अन्य सूचना जो विहित की जाये.

6. आपका ध्यान विशेष रूप से इस ओर आकर्षित करना है कि अधिनियम के अनुसारा धारा 4 (1)(ख) के उपरोक्त अभिलेखों को 12/10/2005 तक पूर्ण कर लिया जाना था. अतः जिन विभागों में यह अभिलेख अब तक पूर्ण न किये गये हों उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुये इस पत्र के उत्तर में उनकी प्रगति भी आयोग को अवगत करा दी जायेगी।

7. उत्तरांचल सूचना आयोग के द्वारा अभिलेखीकरण के कार्य को भी सर्वोच्च वरीयता के आधार पर लिया गय है तथा इसके अभिलेख केन्द्र (Library and Documentation Center) द्वारा प्रत्येक विभाग के लोक प्राधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 4 (1) की बाध्यता के अंतर्गत तैयार किये गये अभिलेखों को हार्ड एवं सॉफ्ट प्रति के रूप में सुरिक्षत रखा जान है. अतः अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित सभी अभिलेखों की एक प्रति आयोग के अभिलेख केन्द्र के लिये उपलब्ध कराने का कष्ट करें.

8. स्वैच्छिक रूप से प्रकट की जाने वाली सूचना **(Pro-Active Disclosure)** तथा स्वतः रूप से (Suo-Motto) सूचना प्रकटीकरण ही इस अधिनियम की मुख्या भावना है. अतः आयोग के द्वारा वार्षिक रूप में विभाग तथा विभाग द्वारा घोषित लोक प्राधिकारियों का मूल्यांकन करते समय मुख्य रूप से विभागीय **Pro-Active Disclosure तथा Suo-Motto Disclosures** की प्रगति को ही प्रमुखता दी जायेगी. अतः अनुरोध है कि अधिनियम की धारा 4 (1) की बाध्यता को समय से पूर्ण करने तथा विभागीय कार्य पद्धति के अंतर्गत ऐसी सूचना के स्वतः प्रकटीकरण की ओर आप स्वंय ध्यान दें तथा इसमें विशेष रूचि लेने का कष्ट करें.

9. आयोग को यह जानने में प्रसन्नता होगी कि आपके द्वारा लोक प्राधिकारी के रूप में **Pro-Active Disclosure तथा Suo-Motto Disclosures** के संबंध में अब तक क्या कार्य किये गये हैं तथा इस दशा में अनय कौन से क्षेत्र, गतिविधियों एवं पद्धतियां लाई जानी प्रस्तावित है तथा इसके लिये वार्षिक रिपोर्ट में एक स्वतंत्र अध्याय भी चिन्हित किया गया है.

10. सूचना का अधिकार अधिनियम के उपबंधों तथा भावना के अनुरूप कार्यवाही को तब तक समुचित रूप दिया जाना संभव नही है जब तक प्रत्येक विभाग तथा लोक प्राधिकारी के स्तर पर अभिलेखों एवं पत्रावलियों के निरीक्षण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाती. इस संबंध मे आपका विशेष ध्यान अधिनियम की धारा 2 की ओर किया जाता है जिसमें सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कृति, दस्तावेजों तथा अभिलेखों का निरीक्षण, दस्तावेजों या अभिलेखों के टिप्पण, उद्धरण या प्रमाणित प्रतिलिपि देना तथा सामग्री के प्रमाणित नमूने लेने सम्मिलित किया गया है. आयोग यह जानने का इच्छुक है कि आपके विभाग के अंतर्गत विभिन्न लोक प्राधिकारियों के स्तर पर अभिलेखों के निरीक्षण, प्रमाणित प्रतियों तथा नमूने देने के लिये क्या व्यवस्था की गई है तथा यह सुनिश्चित किया गया है अथवा नहीं कि किसी भी प्रार्थी को उपरोक्त सुविधायें अधिनियम के प्राविधानों के अंतर्गत सुगमता से प्राप्त हो रही है.

11. आयोग उपरोक्त निरीक्षणों तथा प्रमाणित प्रतियां देने की जो वास्तविक व्यवस्था विभाग के स्तर पर उपलब्ध कराई गयी है उसकी जानकारी लेने का इच्छुक है जिससे इस संबंध में जो व्यवस्था की गई है उसका समुचित प्रचार प्रसार किया जा सके तथा दूसरी ओर यदि उक्त व्यवस्था करने में कोई कठिनाई हो रही हो तो उसके लिये राज्य सरकार को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिये जा सके.

12. लोक प्राधिकारी के रूप में तथा विभागीय प्रमुख सचिव/सचिव के रूप में आयोग आपसे अपेक्षा करता है कि आप सूचना का अधिकार अधिनियम के अध्याय 2 में धारा 3 से धारा 10 तक जो उपबंध तथा बाध्यतायें दी गई हैं उनका स्वयं अपने स्तर पर गहनता से परीक्षण करें तथा फील्ड में भी इनके क्रियान्वयन के लिये समुचित व्यवस्था की गई है. इसके लिये स्वयं तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर पुष्टिकरण भी करा लें.

13. अनुरोध है कि इस पत्र में उठाये गये बिन्दुओं तथा दिये गये सुझावों का आप अपने स्तर पर परीक्षण करा कर आयेाग को शीघ्रातिशीघ्र उत्तर प्रेषित करने का कष्ट करें तथा संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा करें कि वे अधिनियम की धारा 4 (1)(ख) में वर्णि सभी अभिलेखों की हार्ड एवं सॉफ्ट प्रति का एक सैट आयोग के अभिलेख केन्द्र को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें.

14. कृपया पत्र की प्राप्ति स्वीकार करें

भवदीय,

–ह0–
मुख्य सूचना आयुक्त

उत्तराखण्ड शासन
सूचना अनुभाग
संख्याः– 305/XXII/2005- (33)2005
सचिवालय, देहरादून
दिनांक 13 दिसम्बर, 2005

अधिसूचना
नियम

सूचना का अधिकारी अधिनियम, 2005 (अधिनियम संख्या 22, वर्ष 2005) की धारा 27 की उपधारा (2) के खण्ड (ड) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल निम्नलिखित नियम बनाते हैः–

राज्य सूचना आयोग (अपील प्रक्रिया) नियम, 2005

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम राज्य सूचना आयोग (अपील प्रक्रिया) नियम, 2005 है।
2. ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगें।

2– **परिभाषायें**– इन नियमों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः–
(क) ''अधिनियम'' से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अभिप्रेत न हो
(ख) ''धारा'' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है,
(ग) ''आयोग'' से राज्य सूचना आयोग अभिप्रेत है,
(घ) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त है, औ परिभाषित नहीं हैं, किन्तु सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में परिभाषित है, वहीं अर्थ होगें जो उस अधिनियम में है।

3– **अपील की विषयवस्तुः–** आयोग को प्रस्तुत की जाने वाली अपील में सूचना की निमनलिखित विषयवस्तु होगी, अर्थातः–

(i) अपीलार्थी का नाम व पता ;
(ii) राज्य लोक सूचना अधिकारी का नाम व पता, जिसके निर्णय के विरूद्ध अपील की गयी है;
(iii) आदेशें के विवरण संख्या सहित यदि कोई हो, जिसके विरूद्ध अपील की गयी है ;
(iv) अपील के मुख्य संक्षिप्त तथ्य है;
(v) यदि अपील इन्कार समझी गयी हो तो ऐसे आवेदन पत्रों का विवरण, संख्या सहित तारीख राज्य लोक सूचना अधिकारी का नाम और पता जिसको आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था ;
(vi) ईप्सित अनुतोष या प्रार्थना ;
(vii) ईप्सित अनुतोष या प्रार्थना के आधार ;
(viii) अपीलार्थी द्वारा सत्यापन और
(ix) अन्य कोई सूचना जिसे आयोग अपील के निर्णय के लिए आवयश्क समझे।

4– **अपील के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजः–** आयोग को की जाने वाली प्रत्येक अपील में निम्नलिखित दसतावेज प्रस्तुत करने होगें, अर्थातः–

(i) उन आदेश व दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां जिनके विरूद्ध अपील प्रस्तुत की जा रही है

(ii) अपीलार्थी द्वारा अपील में निर्दिष्ट और सम्बन्धित दस्तावेजों की प्रतिलिपि जिनका अपील में आधार लिया गया है

(iii) अपील में निर्दिष्ट दस्तावेजों की अनुक्रमाणिका।

5– अपील के निर्णय की प्रक्रिया :– आयोग

(i) सम्बन्धित या हितवद्ध व्यक्ति से शपथ या शपथपत्र पर मौखिक या लिखित साक्ष्य सुनेगा

(ii) दस्तावेजों, लोक अभिलेखों या उनकी प्रतिलिपियों का परिशीलन या निरीक्षण कर सकेगा

(iii) अधिकृत अधिकरी द्वारा अंग्रेत्तर विवरण या तथ्यों की जांच कर सकेगा

(iv) राज्य लोक सूचना अधिकारी, राज्य सहायक लोक सूचना अधिाकरी या ऐसा वरिष्ठ अधिकारी जो प्रथम अपील निर्णित करता हो या ऐसा व्यक्ति जिसके विरूद्ध शिकायत की गयी हो जैसी स्थिति हो, को सुन सकेगा,

(v) तीसरें पक्ष को सुनेगा और

(vi) किसी तीसरे पक्ष या राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी, राज्य लोक सूचना अधिकारी या ऐसे वरिष्ठ अधिकारी जिसने प्रथम अपील सुनी हो या ऐसा व्यक्ति जिसके विरूद्ध शिकायत हो से शपथ पत्र पर साक्ष्य ले सकेगा।

6– आयोग द्वारा नोटिस तामील किया जानाः– आयोग द्वारा जारी नोटिस निम्न में से किसी भी प्रकार से तामील किया जा सकेगाः–

(i) स्वयं पक्षकार के माध्यम से,

(ii) तामील कर्ता के माध्यम से दस्ती

(iii) पावती के साथ पंजीकृत डाक द्वारा या

(iv) कार्यालयाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष के माध्यम से

7– अपीलार्थी या परिवादी की व्यक्तिगत उपस्थिति–

(1) अपीलार्थी या परिवादी जैसी भी स्थिति हो को सुनवाई के लिए पूर्ण सात दिवसों के पूर्व सूचत किया जायेगा।

(2) अपीलार्थी या परिवादी जैसी भी स्थिति हो, आयोग विकानुसार अपील या परिवाद की सुनवाई के समय व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रह सकेगा या उपस्थित न होने का विकल्प ले सकेगे।

(3) जहां आयोग का यह समाधान हो जाये कि ऐसी परिस्थितियां है, जिनके कारण अपीलार्थी या परिवादी जैसी भी स्थिति हो को आयोग की सुनवाई में उपस्थित होने से रोका गया है, तब आयोग अपीलार्थी या परिवादी तैसी भी स्थित हो को अंतिम निर्णय लेने से पूर्व सुनावाई का अवसर देगा या जैसा उचित समझें सम्यक कार्यवाही कर सकेगा।

(4) अपीलार्थी या परिवादी जैसी स्थिति हो आवदेन की प्रक्रिया में अपना पक्ष रखने में किसी भी व्यक्ति का सहयोग ले सकेगा और सम्बन्धित व्यक्ति का अधिवक्ता होना आवश्यक नहीं होगा।

8– आयोग के आदेश – आयोग के आदेश खुले में सुनाये जायेगें और आयोग द्वारा इस निमित प्रधिकृत अधिकारी या निबन्धक द्वारा लिखित में अभिप्रमाणित किये जायेगें।

पृष्ठांनक संख्या /XXII/2005, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल

2– सचिव, विधानसभा, विधान भवन, देहरादून।

3– निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल शासन।
4– महालेखाकार, लेखा एंव हकदारी, सहारनपुर रोड़, देहरादून।
5– महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।
6– निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
7– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
8– समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तरांचल शासन।
9– आयुक्त, गढ़वाल/कुमाऊं मण्डल, उत्तरांचल।
10– प्रदेश के समस्त सार्वजनिक निगम/उपक्रम/स्वायत्तशासी संस्थायें/परिषद।
11– समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
12– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
13– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
14– निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर।
15– उपनिदेश्का, राजकीय मुद्रणालय, रूडकी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इस अधिसूचना को राजकीय गजट आसाधारण के विधायी परिशिष्ट, भाग–4, खण्ड–ख में दिनांक नवम्बर, 2005 में प्रकाशित कर 200 प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
16– महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय, 12 ई0सी0 रोड़, देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इस संबंध में, एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कराने का कष्ट करें।
17– सचिव, राज्य सूचना आयोग, देहरादून।
18– गार्ड फाईल।

आज्ञा से

–ह0–
अनुसचिव

Concessional Industrial Package, Govt. of India

No. 1 (10) / 2001 - NER
Government of India
Ministry of Commerce & Industry
(Department of Industrial Policy & Promotion)

OFFICE MEMORANDUM

1. The Hon"ble Prime Minister, during the visit to Uttaranchal from 29th to 31st March, 2002, had, inter-alia made an announcement that "Tax and Central Excise concessions to attract investments in the industrial sector will be worked out for the Special Category States including Uttaranchal. The industries eligible for such incentives will be environment friendly with potential for local employment generation and use of local resources."

2. In pursuance of the above announcement, discussion on Strategy and Action Plan for Development of Industries and generation of employment in the states of Uttaranchal and Himachal Pradesh were held with the various related Ministries/agencies on the issue, inter-alia, infrastructure, development, financial concessions and to provide easy market access, The new initiatives would provide the required incentives as well as an enabling environment for industrial development, improve availability of capital and increase market access to provide a fillip to the private investment in the state.

3. Accordingly, it has been decided to provide the following package of incentives for the states of Uttaranchal and Himachal Pradesh.

3.1 Fiscal Incentives to new Industrial Units and to existing units on their substantial expansion:

(i). New industrial units and existing industrial units on their substantial expansion as defined, set up in Growth Centres, Industrial Infrastructure Development Centres (IIDCs), Industrial Estates, Export Processing Zones, Theme Parks (Food Processing Parks, Software Technology Parks, etc.) as stated in Annexure-I and other areas as notified from time to time by the Central Government, are entitled to :

(a) 100% (hundred percent) outright excise duty exemption for a period of 10 years from the date of commencement of commercial production.

(b) 100% income tax exemption for initial period of five years and thereafter 30% for companies and 25% for other than companies for a further period of five years for the entire states of Uttaranchal and Himachal Pradesh from the date of commencement of commercial production.

(II) All New industries in the notified location would be eligible for capital investment subsidy @ 15% of their investment in plant & machinery, subject to a ceiling of Rs.30 Lakhs. The existing units will also be entitled to this subsidy on their

substantial expansion, as defined.

(III) Thrust Sector Industries as mentioned in Annexure-II are entitled to similar concessions as mentioned in Para 3(I) & (II) above in the entire state of Uttaranchal and Himachal Pradesh without any area restrictions.

3.2 Development of Industrial Infrastructure:

(i) The funding pattern under the Growth Centre Scheme currently envisaging a Central assistance of Rs.10 Crores per centre is raised to Rs.15 crore per centre.

(ii) The financing pattern of Integrated Infrastructure Development Centres (IIDC) between Government of India and SIDBI will change from 2:3 to 4:1, and the GOI funds would be in the nature of a grant, so as to provide the required infrastructural support.

3.3 Other Incentives:

(i) **Deen dayal Hathkargha Protsahan Yojna and other incentives of Ministry of Textiles:** The funding pattern between Government of India and both the States would be changed from 50:50 to 90:10 under this Scheme. Ministry of Textiles would extend its package of incentives, as notified for North-Eastern States, to the states of Uttaranchal and Himachal Pradesh also.

(ii) **Ministry of Food Processing Industries** would include Uttaranchal in difficult areas category. The state of Himachal Pradesh is already included in the difficult areas category.

(iii) **Pradhan Mantri Rozgar Yojana (PMRY) :** Ministry of Agro & Rural Industries would provide for states of Himachal Pradesh and Uttaranchal relaxation under PMRY with respect to Age (i.e. 18-40 years from 18-35 years) and Subsidy (@ 15% of the project cost subject to a ceiling of Rs.15,000/- per entrepreneur).

3.4 Ineligible Industries under the policy:

The list of industries excluded from the purview of proposed concessions is at Annexure-III.
In addition, the Doon Valley Notification (S.O.No. 102(E) dated 1st February, 1989 (Annexure-IV) as amended from time to time, issued by Ministry of Environment & Forests would continue to operate in the Doon Valley area and the industries notified under it are excluded from the proposed concessions, in the state of Uttaranchal.

3.5 Nodal Agency

The Nodal Agency for routing the subsidies/incentives under various schemes under this Policy will be notified separately.

4. Government reserves the right to modify any part of the policy in the interest of public.

5. The Ministry of Finance & Company Affairs (Department of Revenue), Ministry of

Agro & Rural Industries, Ministry of Textiles, Ministry of Food Processing Industries, Ministry of Small Scale Industries, etc. are requested to amend Act/rules/notifications, etc. and issue necessary instructions for giving effect to these decisions.

LEASE DEED

Industrial Area, _____
Plot No. _____

THIS LEASE DEED made on the ____day of _____in the year two thousand and ___and corresponding to Saka Samvat _____between **State Industrial Development Corporation of Uttarakhand Limited** (SIDCUL), a company within the meaning of the Companies Act, 1956, and having its registered office at M-16 Chandralok Colony, Dehradun (hereinafter referred to as the **"Lessor"** which expression shall unless the context does not so admit, include its successors and assigns) of the one part,

AND

Shri/Smt./Km._____agedabout_____years,
S/o_____R/o_____

OR

Shri/Smt./Km._____,aged about_____years, son of S/o _____Proprietor of proprietary firm by the name of _____/Karta of Joint Hindu Family Firm, by the name of _____having its office at _____;
OR

1. Shri/Smt./Km._____,aged_____years S/o _____ R/o_____

2. Shri/Smt./Km._____,aged_____years S/o _____ R/o_____

3. Shri/Smt./Km._____,aged_____years S/o _____ R/o_____

4. Shri/Smt./Km._____,aged_____years S/o _____ R/o_____._____

5. Shri/Smt./Km._____,aged_____years S/o _____ R/o_____

